दैनिक भास्कर

# पत्थर काटने की फैक्ट्री में तैयार हो रही थी नकली शराब, तीन पर केस

## Karnal News - करनाल. पत्थर फैक्ट्री में बन रही नकली शराब को कब्जे में लेती पुलिस। करनाल | काछवा गांव के अड्डे के नजदीक पत्थर...



Karnal News haryana news in the stone cutting factory the fake liquor was being prepared in three cases

Mar 29, 2019, 02:50 AM IST



करनाल. पत्थर फैक्ट्री में बन रही नकली शराब को कब्जे में लेती पुलिस।

करनाल | काछवा गांव के अड्डे के नजदीक पत्थर काटने की फैक्ट्री में अवैध रूप से नकली शराब तैयार करने के आरोप में पुलिस ने गांव के पूर्व सरपंच समेत तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया है। इनके पास से नकली शराब की 21 पेटी बरामद की हैं। पुलिस और एक्साइज डिपार्टमेंट की तरफ से कार्रवाई की गई। इंस्पेक्टर वीरेंद्र राणा ने बताया कि नकली शराब बनाकर असली टैग लगाए जा रहे थे। जिसे 21 पेटियों में डाल चुके थे। इंस्पेक्टर वीरेंद्र राणा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि काछवा गांव के पूर्व सरपंच सतनाम सिंह, सेक्टर-16 के ओमप्रकाश अरोड़ा और काछवा गांव के तरणजीत सिंह इस कारोबार को रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने रेड की तो मौके से आरोपी तरणजीत को पकड़ लिया। पुलिस बयान में आरोपी तरणजीत ने बताया कि इस कारोबार में उनके साथ सतनाम सिंह, ओमप्रकाश अरोड़ा शामिल हैं। पुलिस ने इनकी गिरफ्तारी के लिए भी कई जगह रेड की है। नकली शराब कब्जे में ली है।

Source: https://www.bhaskar.com/harayana/karnal/news/haryana-news-in-the-stone-cutting-factory-the-fake-liquor-was-being-prepared-in-three-cases-025053-4219590.html